बड़ा कदम | अगले दो माह में 100 इलेक्ट्रिक कचरा कलेक्शन और 40 सीएनजी गाड़ियां जबलपुर में आने का दावा

# नगर निगम के बेड़े में शामिल हुए 40 नए सीएनजी वाहन



▸ हरित जबलपुर की ओर नगर निगम का बड़ा कदम, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन होगा मजबूत

**नवभारत,जबलपुर।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम जबलपुर ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। नगर निगम के वाहन बेड़े में 40 नए सीएनजी कचरा संग्रहण वाहनों को शामिल किया गया है। इन वाहनों के आने से शहर की डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़, त्वरित और प्रभावी बनेगी। मंगलवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, नगर निगम अध्यक्ष ने नगर निगम परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्यों, पार्षदों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से 40 सीएनजी वाहनों हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने का अनूठा संदेश देते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने स्वयं सीएनजी गाड़ी चलाकर शहरवासियों को स्वच्छता और सीएनजी ईंधन के उपयोग के प्रति जागरूक किया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि अगले दो माह में 100 इलेक्ट्रिक कचरा कलेक्शन गाडियॉं और 40 सी.एन.जी. गाडियां भी क्रय कीं जायेंगीं, जिससे डोर टू डोर हर घर कचरा कलेक्शन के लिए नवम्बर माह से मैदान में 600 गाड़ियां मौजूद रहेंगीं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डॉ. सुभाष तिवरी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर,अंशुल राघवेन्द्र यादव, रजनी कैलाश साहू और पार्षद कमलेश अग्रवाल, माधुरी सोनकर, लवलीन आनंद, संजय निशा राठौर, विमल राय, अतुल जैन, प्रतिभा भापकर, मधुबाला राजपूत, महेश सिंह राजपूत, अनुराग साहू (राहुल), सुनील पुरी गोस्वामी, प्रिया संजय तिवारी, पूजा श्रीराम पटैल, शारदा बाई कुशवाहा, मालती रमेश चौधरी, राजकुमार पटैल (राजू), लक्ष्मी जय चक्रवर्ती, जितेन्द्र कटारे (जीतू), सोनिया रंजीत सिंह, कविता रैकवार, रेणु राकेश कोरी, मोनिका सिंह क्षत्रि, अविनाश चमकेल, वर्षा मुकेश बिरहा, अंजू अनीता जाट सहित अन्य मौजूद रहे।

**पर्यावरण-अर्थव्यवस्था में होगा फायदा**

नए वाहनों के शामिल होने से शहर के प्रत्येक वार्ड और गली-मोहल्ले में समय पर कचरा संग्रहण संभव हो सकेगा, जिससे स्वच्छता व्यवस्था में व्यापक सुधार आएगा। डीजल की भारी बचत पारंपरिक डीजल वाहनों के स्थान पर सीएनजी वाहनों के उपयोग से नगर निगम के ईंधन खर्च और डीजल की खपत में भारी कमी आएगी। सीएनजी के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, जिससे शहर की आबोहवा साफ होगी और नागरिकों को शुद्ध हवा मिलेगी।



# बुनकर मेले में चार चांद लगा रहे रंग बिरंगे पर्दे

▸ 26 बुनकर व शिल्पकारों ने पेश किया हुनर

**नवभारत,जबलपुर।** समदड़िया मॉल जबलपुर के उत्सव हाल में 14 सितम्बर तक चलने वाले देवी अहिल्या बाई बुनकर मेला में लगभग 26 बुनकर व शिल्पी अपने हुनर का रंग बिखेर रहे हैं। मेले में भोपाल से आये ब्लॉक प्रिंट के कारीगर विजय कुमार द्वारा रंग बिरंगे पर्दे विक्रय के लिए सजाए गए हैं। जानकारी के अनुसार इसका उत्पादन भी काफी जटिल प्रक्रिया से गुजरता है । कॉटन कपड़े अथवा कॉटन चंदेरी कपड़े पर लकड़ी के ब्लॉक से बहुत बारीक बारीक डिजाईन तैयार की जाती है उसके लिये पहले एक निश्चित साईज का कपड़ा काटा जाता है और फिर उस पर फूल पत्ती के रंगों से ब्लॉक के सहारे उस कपड़े पर डिजाईन उकेरी जाती है । विशेषकर सफेद कपड़े पर लाल नीले पीले रंगों से ही डिजाईन तैयार की जाती है। जिसके बाद ब्लाक प्रिंट से साडी, सूट, बैडशीट आदि सामग्री तैयार की जाती है और ग्राहक अपने मनपसंद के अनुसार भी डिजाईन के अनुसार सामग्री तैयार करवा सकते हैं।

**लकड़ी के खिलौने आकर्षण का केन्द्र**

बुनकर मेला में खरादशिल्प के बुधनी से आये हुये कारीगर मुकेश विश्वकर्मा द्वारा भी लकड़ी के खिलौने एवं घरेलू उपयोग की सामग्री सजाई गई है। मेले में चकली, भौरा, पटा बेलन कूदने वाली रस्सी आदि सामग्री देखने को मिल रही है।

### एक नजर में

## 10 सितंबर को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** भूमिगत स्वतंत्रता सेनानी एवं मुंबई फिल्म जगत में मटका संगीत को नया आयाम देने वाले जनक स्व. रतन चंद नामदेव की 31वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 10 सितंबर को सुबह 11.30 बजे राइट टाउन, महाराष्ट्र स्कूल के आगे, पी.सी. ज्वेलर्स के बाजू में किया गया है। ये जानकारी जबलपुर शहर जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संयुक्त उत्तराधिकारी संगठन के पदाधिकारियों ने दी है।

## जिला प्रशासन के साथ गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ की बैठक आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** 18 सितंबर 2026 को अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के 169 वें बलिदान दिवस को भव्यता पूर्वक मनाया जाने की तैयारी के लिए गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर पदाधिकारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय जबलपुर में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह , अपर कलेक्टर रविशंकर राय,एसडीएम अनुराग सिंह, तहसीलदार विकास जैन एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे ।जैसा की ज्ञात है कि आगामी 18 सितंबर के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन हो रहा है । इस मौके पर गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर की ओर संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अजय झारिया, संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र चौधरी, सलाहकार एडवोकेट बालकिशन चौधरी, सचिव गया प्रसाद धुर्वे, जगदीश नन्हेट,नोखेलाल बरकड़े आदि उपस्थित रहे ।

# डुमना एयरपोर्ट पर जश्न, नजर आया उत्सव जैसा माहौल

▸ महापौर, निगमायुक्त का किया गया स्वागत



**नवभारत,जबलपुर।** देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में जबलपुर का नाम उस समय गर्व से गूंज उठा, जब शहर को देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। दिल्ली से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रहण कर जब महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पहुंचे, तो वहां का नजारा किसी बड़े उत्सव जैसा था।

विमानतल पर नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों का भारी हुजूम अपने महापौर और निगमायुक्त के स्वागत के लिए मुस्तैद था। जैसे ही महापौर और निगमायुक्त बाहर निकले, पूरा परिसर ढोल-धमाकों की गूंज और भारत माता के जयकारों से जीवंत हो उठा। शहरवासियों ने दोनों पदाधिकारियों पर फूलों की बारिश की, पुष्पगुच्छ भेंट किए और गर्मजोशी से माला पहनाकर स्वागत किया। सफलता की इस स्वर्णिम घड़ी में उपस्थित जनसमूह की खुशी देखते ही बन रही थी। लोगों ने एक-दूसरे को और अधिकारियों को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मौजूद स्थानीय प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और निगम कर्मचारियों के चेहरे पर शहर का मान बढ़ने का गर्व साफ झलक रहा था।

# भाजपा पार्षद दल, संस्थाओं ने किया महापौर-निगमायुक्त का अभिनंदन

▸ वायु गुणवत्ता सर्वेक्षण में देश में तीसरे स्थान पर चमका संस्कारधानी का नाम



**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में संस्कारधानी जबलपुर द्वारा पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल करने पर शहरभर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने और इस ऐतिहासिक उपलब्धि को सुनिश्चित करने के लिए भाजपा पार्षद दल, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने महापौर कार्यालय पहुंचकर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' का भव्य स्वागत किया एवं आत्मीय शुभकामनाएं दीं। इस दौरान निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने इस उपलब्धि को प्रत्येक संस्कारधानीवासी का साझा गौरव बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष तीन शहरों में जबलपुर का नाम दर्ज होना यह साबित करता है कि नगर निगम प्रशासन की पर्यावरण सुधार नीतियां, हरित क्षेत्र विस्तार, धूल नियंत्रण के उपाय और नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सही दिशा में रंग ला रही है। स्वागत समारोह में निगम अध्यक्ष रिंकू विज, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार सहित सभी एम.आई.सी. सदस्यों डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, अंशुल राघवेन्द्र यादव, रजनी कैलाश साहू एवं भाजपा पार्षद दल के सभी पार्षद मौजूद रहे। इस मौके पर सभी ने एक स्वर में इस गौरवमयी उपलब्धि के लिए महापौर एवं निगम प्रशासन की कार्यशैली की मुक्तकंठ से सराहना की।

# प्रभु श्री हनुमान नव निर्मित मंदिर में विराजे

**नवभारत,जबलपुर।** तिलहरी की अजय सत्य प्रकाश कॉलोनी में श्रद्धा और शक्ति भक्ति से ओत-प्रोत होकर प्रभु श्री हनुमान जी महाराज को संगमरमर से निर्मित भव्य दिव्य मंदिर में विद्वान पं. मनजीत मिश्रा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ नवीन सिंहासन में विराजमान कराया। इस अवसर को श्रद्धालुओं ने गौरव और परम सौभाग्य का विषय बताया। भगवान प्रभु हनुमान की श्रीकृपा एवं संकल्प साधना में लीन शारदा मक्कड़ की अटूट प्रेरणा से प्रो. रवीन्द्र मक्कड़ को इस पुनीत सेवा कार्य का करने का सुअवसर मिला। उनके प्रयासों से पक्के हाल का निर्माण कराया गया और फिर उसमें प्रभु श्री हनुमान जी की स्थापना के लिए सुंदर संगमरमर मंदिर का निर्माण कराया गया। मंदिर निर्माण के इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्य में समाज के विभिन्न वर्गों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। प्रो. रवीन्द्र मक्कड़ के सेवानिवृत्त एवं सेवारत प्रोफेसर साथियों, उनके पढ़ाए हुए सेवानिवृत्त एवं सेवारत विद्यार्थियों, अधारताल के सिख समाज, रिश्तेदारों, मित्रों तथा सोसाइटी वासियों ने अपनी श्रद्धा एवं सामर्थ्य के अनुसार सहयोग प्रदान किया। इस पूरे सेवा कार्य में एड आलोक गुप्ता, पत्रकार अनिल शुक्ला, आशीष कपूर ने प्रो. रवीन्द्र मक्कड़ के साथ कदम से कदम मिलाकर समर्पित सहयोग किया। टीम ने पग-पग पर एक-दूसरे का साथ देते हुए दृढ़ संकल्प के साथ मंदिर निर्माण का कार्य आगे बढ़ाया। मंदिर विकास और निर्माण में सहयोगी की सेवा में सेवा दल के गोपी नाथ चौधरी, गुरुदयाल सिंह, जितेंद्र सिंह, गुरुप्रीत सिंह भाटिया, अरुण त्रिपाठी, राकेश सेठी, मनीष गुप्ता शामिल हैं।





# आरडीएसएस से मजबूत हो रहा विद्युत नेटवर्क

▸ 33/11 केवी उपकेंद्रों और ट्रांसफॉर्मर क्षमता वृद्धि के कार्यों में तेजी : ऊर्जा मंत्री

**नवभारत,जबलपुर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने और भविष्य की विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए आरडीएसएस योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। योजना के तहत नए 33/11 केवी उपकेंद्रों के निर्माण, पावर ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि तथा 33 केवी लाइनों के विस्तार के कार्य प्रगति पर हैं। कंपनी के विभिन्न सर्किलों में 31 नए 33/11 केवी उपकेंद्रों का कार्य प्रस्तावित है, जिनमें से 10 उपकेंद्रों का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष उपकेंद्रों पर भी निर्माण एवं संबंधित कार्य तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। आरडीएसएस के अंतर्गत किए जा रहे ये कार्य विद्युत प्रणाली की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ ओवरलोडिंग कम करने, वोल्टेज सुधारने, नए क्षेत्रों की बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करने तथा आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**332 .6 किलोमीटर 33 केवी लाइन का कार्य पूर्ण**

आरडीएसएस के तहत कंपनी द्वारा विद्युत नेटवर्क के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए कुल 722 .6 किलोमीटर 33 केवी लाइन का प्रावधान किया गया है। इसमें से अब तक 332 .6 किलोमीटर लाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। नई 33 केवी लाइनों से आगामी समय में विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की क्षमता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। वहीं योजना के तहत विभिन्न 33/11 केवी उपकेंद्रों में पावर ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने के कार्य भी किए जा रहे हैं।

# कलचुरी फैमिली क्लब के आयोजन में रही धूम

▸ धार्मिक गीतों के साथ मनाई गई जन्माष्टमी



**नवभारत,जबलपुर।** कलचुरी फैमिली क्लब ने जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी ।इस दौरान क्लब के सदस्यों ने आरती और धार्मिक गीतों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में आगामी राधाअष्टमी और गणेश चतुर्थी से जुड़ी छोटी प्रस्तुतियाँ और प्रतियोगिता आयोजित की गई। सदस्यों ने गणेश जी एवं अन्य त्यौहार मनाने के लिए सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे पर विचार-विमर्श किया तथा त्योहारों के महत्व पर भावपूर्ण चर्चा की। कार्यक्रम का संयोजन कौशलेंद्र महाजन ने किया और संचालन राजीव चौकसे के द्वारा किया गया। संयोग से उसी दिन कल्पना महाजन का जन्मदिन था उसे भी उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर रवींद्र-शशि चौकसे, राजेन्द्र-सीमा राय, श्रीचंद-कल्पना चौकसे, देवेंद्र आशा चौकसे, कौशलेन्द्र कल्पना महाजन, विद्याशंकर-किरण राय, मिथलेश-आशा चौकसे, श्याम-मनोरमा राय, संदीप-प्रीति चौकसे, राजीव चौकसे, संजय-रोज़ी महाजन, सुरेंद्र-जयश्री चौकसे, सूर्यप्रकाश-निधि राय, रामजस-कृष्णा चौकसे, केएस-रेखा राय, राजकुमार-अर्चना जायसवाल, संतोष-ज्योति जायसवाल, राजेश-अर्चना जायसवाल सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# संत अलॉयसियस कॉलेज में एल्युमिनस लेक्चर सीरीज का आयोजन



**नवभारत,जबलपुर।** संत अलॉयसियस (स्वशासी) महाविद्यालय, जबलपुर को स्थापित हुए 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के शिक्षा विभाग के तत्वाधान से भूतपूर्व छात्र संघ समिति के अंतर्गत लेक्चर सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत डॉ. सुमन मेहरा (सहा. प्राध्यापक शिक्षा विभाग) ए.पी.एन. महाविद्यालय (भूतपूर्व छात्रा सत्र-2013-15) द्वारा' कॅरियर और सफलता को कैंपस से कॉर्पोरेट तक सपनों को हकीकत में बदलना 'विषय पर लेक्चर बी.एड. प्रशिक्षिणार्थी (सत्र-2026-28) हेतु प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य' भूतपूर्व छात्रों के साथ संबंधों में प्रगाढ़ता स्थापित करना तथा विभिन्न कार्यक्षेत्र में कार्यरत भूतपूर्व छात्रों की बौद्धिक क्षमता एवं कौशल से वर्तमान छात्रों को लाभान्वित करना है। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.फा. बेन एन्टोन रोज, एवं उपप्राचार्य डॉ. कल्लोल दास के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में नेहा नामदेव (समन्वयक) एवं डॉ. किरण मिश्रा (विभागाध्यक्ष-शिक्षा संकाय), सहित समस्त शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापको का सहयोग सराहनीय था। कार्यक्रम में मंच संचालन जयति बाथरे एवं नुसरत परवीन तथा धन्यवाद ज्ञापन साक्षी गोस्वामी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम | विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर मेडिकल कॉलेज में आयोजन, आकाश में छोड़े गए गुब्बारे

# साईकिल रैली निकालकर फैलाई जनजागरूकता






**नवभारत,जबलपुर।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं शारीरिक सक्रियता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मूल संदेश था कि 'साइकिल की गतिशीलता के माध्यम से शरीर की गतिशीलता बनी रही। रैली के माध्यम से नियमित व्यायाम, शारीरिक सक्रियता एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया।

इस मौके पर स्वास्थ्य एवं फिजियोथेरेपी से संबंधित संदेश के गुब्बारे आकाश में छोड़े गए, जो स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के संदेश के प्रतीक रहे। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा फिजियोथेरेपी, स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली की थीम पर आकर्षक रंगोली भी बनाई गई।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. नवनीत सक्सेना, अधिष्ठाता, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, अधीक्षक प्रोफेसर डॉ अरविंद शर्मा ,उप अधीक्षक डॉ. रिचा शर्मा, वरिष्ठ फिजियोथेरेपी चिकित्सक डॉ. एम. एल. केवटे, फिजियोथेरेपी प्रमुख डॉ. अजय फौजदार एवं मेडिकल कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रणव पाराशर की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अतिथि के रूप में डॉ. अंकुर चौधरी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग के कुलदीप बाल्मीकि का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस मौके पर फिजियोथेरेपी विभाग के शिक्षकगण डॉ. ज्योति त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक दुबे, डॉ. विष्णु कोल, डॉ. आलोक मुखर्जी, डॉ. ऋषि बंसपाल ,डॉ. अंकिता नेमा, स्वप्निल रंगारी , डॉ आकाश पचौरी, डॉ सौरव सांबारे, डॉ करिश्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# साथिया नहीं जाना कि जी न लगे....

▸ अंतस स्थापना दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



**नवभारत,जबलपुर।** अंतस संस्था द्वारा आयोजित अंतस स्थापना दिवस समारोह का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन प्रेक्षागृह, नेपियर टाउन, जबलपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्था के अंतस स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई इसके बाद नवरंग कत्थक कला केन्द्र के कलाकारों द्वारा शानदार सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गईं। आयोजन में शिक्षिका स्व रेणुका पैगवार की स्मृति में शहर के शिक्षकों को शिक्षक गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया ।साथ ही कला को समर्पित कला साधकों का सम्मान किया गया।

इस आयोजन में जबलपुर शहर के साहित्यकारों की गीत, ग़ज़लों पर आधारित काव्य कृतियों का लोकार्पण किया गया।

आयोजन में रंजना गुप्ता, रुबीना बग्गन, डॉ अनामिका श्रीवास्तव, आर.एस.चंदेल, कमलकांत उपाध्याय, विद्या बैरागी, तुलसी नारायण राय, संध्या पाटकर, अर्चना गोस्वामी, इंजी अरुण भटनागर, अनुकंपा नायक, अभय नायक सहित अन्य ने समधुर गीतों की प्रस्तुतियां दीं। गीतों की प्रस्तुतियों में हमको होने लगा है प्यार तुमसे, तुम मिले प्यार से मुझे जीना गवारा हुआ, बच के रहना रे बाबा, अल्लाह ये अदा कैसी है इन हसीनों में, यूं तो हमने लाख हंसी देखे हैं, साथिया नहीं जाना कि जी न लगे, हम तुम युग युग से ये गीत मिलन के, दिल का आलम में क्या बताऊँ तुम्हे शामिल रहे। संस्था की निर्देशिका विनीता पैगवार 'विधि', राजेश तिवारी के संयोजन, राजेश पाठक प्रवीण, डॉ मंजू गोरे, प्रतिमा अखिलेश के कुशल संचालन, एवं संरक्षक सरोज संतोषी, संस्थापक डॉ अनिल कुमार कोरी के निर्देशन से कार्यक्रम गरिमामय, भावपूर्ण एवं बेहद सफ़ल रहा। दिनेश खड़ेतिया द्वारा शानदार संगीत संयोजन किया गया। संस्था की ओर आभार संस्था समन्वयक संदीप बनोधा ने प्रकट किया।